# मेरठ विकास प्राधिकरण

उपाध्यक्ष पृष्ठ संख्या नोट शीट

122

प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत शताब्दी नगर योजना सेक्टर–01 में 384 चार मंजिले भवनों के निर्माण कार्य हेतु व्ययानुमान धनांक रू0 16,27,75,524.81 की स्वीकृति पूर्व पृष्ठ–04 पर प्राप्त करते हुए, टू–बिड पद्धति पर ई–निविदायें आमन्त्रित की गयी, जिन्हें दिनांक 27.02.2018 को डाउनलोड/खोली गयी, जिसमें कुल 03 निविदायें प्राप्त हुई। पूर्व नोटशीट संख्या–07 पर प्राप्त स्वीकृति के क्रम में दिनांक 09.03.2018 को वित्तीय बिड खोली गयी, जिसमें न्यूनतम निविदा **मै0 शिवा डवलपर्स** की बी0ओ0क्यू0 से 5.58 प्रतिशत निम्न दर पर धनांक रू0 13,60,11,195.16 की प्राप्त हुई है। कार्य का बी0ओ0क्यू0 धनांक रू0 14,40,49,137.00 है। निविदत्त दरें निम्न होने के कारण कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0 उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 379सीजी/32सी/मा0 लोक लेखा समिति/12–13 दिनांक 01.06.2012 के क्रम मे ठेकेदार से बी0ओ0क्यू0 लागत का (2.79 प्रतिशत) अर्थात धनांक रू0 40,18,971.00 की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 परफोरमेन्स गारन्टी के रूप मे, अनुबन्ध से पूर्व लिया जाना उचित होगा। इस तरह न्यूनतम निविदा बी0ओ0क्यू0 लागत से 5.58 प्रतिशत निम्न है।

पूर्व नोटशीट संख्या–04 पर आप द्वारा कार्य के आगणन की स्वीकृति प्रदान करते समय "कार्यादेश जारी करने से पहले आवश्यकता देख लें" के निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बन्ध में पूर्व नोटशीट संख्या–9 पर अधीक्षण अभियन्ता की आख्यानुसार न्यूनतम निविदादाता के पक्ष में निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्यादेश जारी किया जायेगा। तत्पश्चात प्रस्तावित भवनों की स्ट्रक्चरल डिजाईन शासकी संस्था से कराने अथवा किसी स्ट्रक्चरल इंजीनियर से कराने के उपरान्त शासकीय संस्था यथा आई0आई0टी0 रूड़की आदि से अनुमोदन सम्बन्धित फर्म/ठकेदार द्वारा कराया जायेगा, जिसमें लगभग एक माह का समय लगना सम्भावित है, तत्पश्चात अनुमोदित ड्राईंग/डिजाईन के अनुरूप ही स्थल पर कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। भवनों की आवश्यकता के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्राधिकरण द्वारा प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत दिनांक 24.02.2018 से ~~23.03.2018~~ 15.4.18 तक पंजीकरण खोले गये है, पंजीकरण फार्म प्राधिकरण कार्यालय स्थित इलाहाबाद बैंक के माध्यम् से विक्रय किये जा रहे हैं, भवनों की मांग के अनुसार ही स्थल पर ब्लॉकवाईज भवनों का कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा, इस बात का उल्लेख ठेकेदार को जारी किये जाने वाले कार्यादेश में समाहित कर दिया जायगा।

अतः पूर्व पृष्ठ पर अधीक्षण अभियन्ता की संस्तुति के क्रम में उपरोक्त कार्य हेतु निविदा समिति द्वारा न्यूनतम निविदादाता **मै0 शिवा डवलपर्स** से उपरोक्तानुसार, अनुबन्ध से पूर्व, परफोरमेन्स गारन्टी लेते हुए इनकी निविदा बी0ओ0क्यू0 से 5.58 प्रतिशत निम्न दर पर धनांक रू0 13,60,11,195.16 (रूपये तेरह करोड़ साठ लाख ग्यारह हजार एक सौ पिच्चानवे एवं सौलह पैसे मात्र) की स्वीकृति के साथ, नियमानुसार जी0एस0टी0 व लेवर सेस की स्वीकृति हेतु संस्तुति की जाती है।

~~मुख्य अभियन्ता~~ 28.3.18 वित्त नियन्त्रक सचिव 28/3/18

TS-741

CONT.

25.4.18
अधीक्षण अभियन्ता
मेरठ विकास प्राधिकरण
मेरठ

28.3.18

मेरठ।